# डम्पर-ऑटो की टक्कर, 3 की मौत

## घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 12 जून, जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत डिहिया स्थित बोरी फैक्ट्री के सामने बालू से लोड तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो को जोरदार टक्कर मारी है. इस सड़क हादसे में तीन लोगों की घटना स्थल पर मौत हो गई है घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और मृतकों के सबों को अस्पताल पहुंचाया है जबकि आगे की कार्रवाई की जा रही है.**

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ऑटो सवार लोग मौसी के यहां ग्राम भटलो जा रहे थे जैसे ही वह डीहिया स्थित बोरी फैक्ट्री के सामने पहुंचे तभी तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो को टक्कर मार दी. इस सड़क हादसे में आशीष कुशवाहा निवासी बहुरिवांध हरिशंकर चतुर्वेदी निवासी बहुरीवांध और शैलेंद्र तिवारी निवासी भटलो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है. बताया गया है कि यह सड़क हादसा आज सुबह तकरीबन 10 बजे हुआ है घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची है और तीनों मृतकों के शवों को पीएम के लिए अस्पताल भिजवा दिया



है वहीं पूरे मामले की जांच की जा रही है इस हृदय विद्यारक घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है.

### अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने 8 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. एसपी डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने वैज्ञानिक तकनीक और हुलिया के आधार पर आरोपी को दबोचा. 03 जून को फरियादिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी छोटी बच्ची मंगलम पार्क में खेल रही थी तभी अज्ञात आरोपी टॉफी का लालच देकर मोटर साइकिल से अपहरण कर ले गया. रिपोर्ट पर तत्काल नाकाबंदी कर पुलिस ने 2 घंटे के अंदर बच्ची को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया था. बालिका के कथन और महिला बाल कल्याण समिति के समक्ष काउंसिलिंग में दुष्कर्म व लैंगिक अपराध की पुष्टि हुई. इसके बाद प्रकरण में बलात्कार की धाराएं बढ़ाकर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की गई. वैज्ञानिक तकनीक और हुलिया के आधार पर तलाश के बाद आरोपी पकड़ा गया. पूछताछ में उसने अपना नाम सर्वेश निखिल द्विवेदी पिता शशिकान्त द्विवेदी उम्र 26 वर्ष निवासी लुक थाना जवा जिला रीवा बताया. कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार कर लिया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त कर ली है आरोपी से पूछताछ जारी है.

# रक्तरंजित हुआ पारिवारिक विवाद, राजघराने की बहू को लगी गोली


## सलाखों के पीछे पहुंची आरोपी महिला, घायल बहू का उपचार जारी

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 जून. नागौद राजपरिवार से संबंधित उचेहरा की परसमनियां गढ़ी में एक ऐसी घटना सामने आई जिसके चलते जिले से लेकर राज्य भर में खलबली मच गई. पारिवारिक विवाद ने कुछ इस कदर रक्तरंजित रुप ले लिया कि राजघराने की बहू को गोली लग गई. गंभीर तौर पर घायल बहू का उपचार रीवा के एक निजी हास्पिटल में जारी है. वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में प्रयुक्त हथियार को जब्त करने के साथ ही आरोपी महिला को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है.**








प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री एवं जिले के नागौद विधासभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह के भतीजे रुपेंद्र सिंह उर्फ बाबा राजा उचेहरा क्षेत्र में स्थित परसमनियां गढ़ी में रहते हैं. बताया गया कि 26 वर्ष पूर्व रुपेंद्र का विवाह उदयपुर घराने की योगिता के साथ हुआ था. दोनों का एक पुत्र भी है जो 25 वर्ष का हो चुका है और हाल ही में अपनी पढ़ाई पूरी कर वापस लौटा है. इसी कड़ी में यह भी बताया गया कि रुपेंद्र और योगिता के बीच पिछले काफी समय से अनबन चल रही थी. इसी विवाद की वजह से श्रीमती योगिता ने परसमनियां गढ़ी छोड़ दी और नागौद स्थित किले में निवास करने लगीं. लंबे समय से चले आ रहे विवाद को देखते हुए समाधान कराने के लिए श्रीमती योगिता के माता-पिता व भाई सहित अन्य परिजन उदयपुर से सतना पहुंचे. जहां से नागौद होते हुए वे श्रीमती योगिता के साथ परसमनियां गढ़ी पहुंचे. योगिता की मां नारेंद्र कुमारी के अनुसार जैसे ही सभी लोगों ने परसमनियां गढ़ी में प्रवेश करने की कोशिश की वैसे ही दामाद रुपेंद्र बाहर आ गए और अंदर मौजूद महिला सुनीता परिहार ने दरवाजा बंद कर लिया. रुपेंद्र बाहर बैठ गए और अंदर मौजूद सुनीता से कहा कि मारो-मारो. यह सुनते ही अंदर मौजूद सुनीता से खिड़की से फायर करना शुरु कर दिया.

बताया गया कि सुनीता ने कुल 9 फयार किए जिसमें से चौथी बार चलाई गई गोली सीधे योगिता के पेट में जा लगी. यह देखते ही हड़कंप मच गया और आनन-फानन में योगिता को उपचार के लिए सतना ले आया गया. जहां पर उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रारंभिक उपचार के बाद रीवा रेफर कर दिया गया. जिसके चलते रीवा के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कर उनका उपचार जारी है. बताया गया कि गुरुवार को देर रात ऑपरेशन के बाद योगिता के पेट में लगी गोली निकाल दी गई और अगले दिन सुबह के लगभग 10 बजे उन्हें होश आ गया.

### कठघरे में पुलिसिया कार्यशैली

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रमलाल कुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि रुपेंद्र की पत्नी श्रीमती योगिता को .22 बोर की राइफल से गोली मारी गई थी. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी राइफल को जब्त कर लिया है. इसी कड़ी में धारा 108 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी महिला सुनीता सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया. इस मामले में फिलहासल अनुसंधान जारी है. लेकिन वहीं दूसरी ओर जब श्रीमती योगिता की मां के बयान में रुपेंद्र द्वारा मारने के लिए कहने की बात का हवाला देते हुए प्रश्न किया गया तो जिम्मेदार बचते नजर आने लगे. इतना ही नहीं बल्कि इस मामले में उचेहरा थाने की पुलिस द्वारा आरोपी महिला को दिया गया वीवीआईपी ट्रीटमेंट भी कहीं न कहीं पुलिसिया कार्यशैली की लाचारी बयां करता नजर आया. मामले का काबिलगौर पहलू यह भी रहा कि इतनी गंभीर घटना होने के बावजूद 24 घंटे से अधिक समय तक थाना प्रभारी ने चुप्पी साधे रखी. श्रीमती योगिता के परिजनों के जरिए यह जानकारी सामने आ सकी.

### पहले भी हो चुका है विवाद

श्रीमती योगिता की मां के अनुसार सुनीता और रुपेंद्र के बीच निछले लगभग 8 वर्ष से संबंध हैं. सुनीता पहले सतना में रहती थी. लेकिन रुपेंद्र के पिता का निधन हो जाने के बाद जब योगिता उदयपुर चली गई तब से सुनीता परसमनियां में रहने लगी. इसके बाद से योगिता ने जब जब परसमनियां गढ़ी में लौटने का प्रयास किया तब तक सुनीता द्वारा उसके साथ मारपीट की गई. पिछले वर्ष तो योगिता को गिराकर उसका गला दबाने का प्रयास भी किया गया था. आलम यह रहा कि पिछले साल पुलिस की सुरक्षा में बमुश्किल प्रवेश मिल पाया था. इस मामले में रुपेंद्र द्वारा सुनीता का पूरा समर्थन किया जाता रहा. श्रीमती योगिता की मां का भी कहना है कि पुलिस ने दामाद को आरोपी नहीं बनाया. गौरतलब है कि श्रीमती योगिता परसमनियां की सरपंच भी रह चुकी हैं.

# आम के विशाल पेड़ के नीचे दबी महिला को पुलिस ने बचाया

## बंधौरा पुलिस, हाइड्रा और जेसीबी की मदद से चला रेस्क्यू ऑपरेशन



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 12 जून। जाको राखे साइयां, मार न सके कोई यह कहावत गुरुवार की रात करीब 8 बजे रजमिलान क्षेत्र की रहने वाली मान कुमारी शाह पर पूरी तरह चरितार्थ होती नजर आई। तेज आंधी-तूफान के दौरान एक विशाल आम का पेड़ उनके ऊपर गिर गया, लेकिन समय पर किए गए रेस्क्यू ऑपरेशन ने उनकी जान बचा ली।**

जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर शाम करीब 7 बजे बैढ़न अंचल के कई हिस्सों में तेज आंधी और तूफान आया। इसी दौरान ग्राम रजमिलान के पोखरा टोला निवासी मान कुमारी शाह उम्र 40 वर्ष पति प्रकाश शाह खेत के पास मौजूद थीं। अचानक तेज हवाओं के कारण एक भारी-भरकम आम का वृक्ष धराशायी होकर उनके ऊपर गिर पड़ा। महिला पेड़ के नीचे दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई तथा अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही बंधौरा चौकी प्रभारी बीएल बंसल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। पेड़ का आकार बड़ा होने के कारण दो हाइड्रा मशीन और एक जेसीबी मशीन की सहायता ली गई। काफी मशक्कत के बाद महिला को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### रीवा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर

रेस्क्यू के बाद घायल मान कुमारी को एंबुलेंस के जरिए ट्रामा सेंटर, जिला चिकित्सालय बैढ़न भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा था कि महिला की हालत गंभीर होते देख चिकित्सको ने रीवा मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर कर दिया। वहीं बताया जा रहा है कि उनकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है। इधर की तत्परता, मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की क्षेत्रवासियों ने जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि समय रहते रेस्क्यू नहीं होता तो हादसा और गंभीर हो सकता था। बंधौरा पुलिस के इस सराहनीय कार्य की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

# उड़ती लोहे की चादरों के घुसने से मौत

## बहरी थाना के चंदवाही गांव में तेज आंधी के दौरान हादसा

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 12 जून. जिले के बहरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह तेज आंधी के दौरान उड़ती लोहे की चादर से एक बुजुर्ग** की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम चंदवाही में 60 वर्षीय रघुनाथ साकेत पर उड़ती हुई लोहे की सीट चादर गिरने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। यह घटना शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे हुई, जब अचानक तेज आंधी और तूफान शुरू हो गया। तेज हवाओं के कारण कई मकानों की लोहे की सीटें उड़ने लगीं। रघुनाथ साकेत अपनी जान बचाने के लिए घर से बाहर निकलकर भाग रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के



अनुसार घर से लगभग 80 मीटर दूर पहुंचते ही एक उड़ती हुई लोहे की सीट उनके पैर के ऊपरी हिस्से में जा धंसी। वे खुद को संभालने का प्रयास कर ही रहे थे कि एक और लोहे की सीट तेज रफ्तार से उड़कर आई और उनके शरीर में जा लगी।

दोनों सीटों से लगी गंभीर चोटों के कारण उनका काफी खून बह गया। मृतक के बड़े भाई जगन्नाथ साकेत ने बताया कि वे घटना के समय पास में ही मौजूद थे। उन्होंने कहा आंधी शुरू होते ही हम सभी बाहर भाग रहे थे। मेरा भाई आगे था, तभी एक उड़ती हुई सीट उसके शरीर में घुस गई। उसने मदद के लिए पुकारा। जगन्नाथ और उनके बेटे ने रघुनाथ की ओर दौड़ लगाई, लेकिन तब तक दूसरी सीट भी उन्हें लग चुकी थी।

# दुकान लगाने के विवाद में युवक पर चाकू से हमला

- कचनी में चार युवकों पर जानलेवा हमले का आरोप, ट्रामा सेंटर में चल रहा इलाज

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 12 जून। बैढ़न थाना क्षेत्र के कचनी इलाके में दुकान लगाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि चार युवकों ने मिलकर 23 वर्षीय दुकानदार राजू कुशवाहा पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।**

जानकारी के अनुसार कचनी स्थित शराब दुकान के आसपास व्यवसाय करने को लेकर विवाद हुआ



था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि स्थानीय निवासी आयरन साहू और उसके साथियों ने राजू कुशवाहा को घेर लिया और उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में राजू के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जिसके चलते उसे सात टांके लगाने पड़े। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तत्काल ट्रॉमा सेंटर बैढ़न पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों की निगरानी में उसकी हालत पर नजर रखी जा रही है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। सीएसपी उमेश प्रजापति ने बताया कि दोनों पक्ष कचनी स्थित शराब दुकान के पास दुकान लगाते हैं। किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद मारपीट और चाकूबाजी की घटना सामने आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हमले के कारणों तथा आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# घर में लड़की से गैंगरेप , 40 हजार रुपए भी ट्रांसफर कराए

- जमोड़ी पुलिस ने की तत्परता पूर्वक कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 12 जून. शहर के जमोड़ी थाना क्षेत्र में घर में पुताई का काम करने आए दो युवकों ने एक लड़की को अकेले पाकर बंधक बना लिया।**

उन्होंने लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और डरा-धमकाकर ऑनलाइन पैसे भी लूट लिए। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुछ ही घंटों में दोनों आरोपियों को धर दबोचा है। यह



खौफनाक घटना गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे की है। आरोपी अनूप साकेत और राकेश साकेत पुताई और पेंटिंग के काम के बहाने घर के अंदर आए थे। उस वक्त 20 साल की लड़की घर में बिलकुल अकेली थी। आरोपियों ने इसका फायदा उठाया और लड़की को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने लड़की के ही मोबाइल से फोन पे ऐप के जरिए 40 हजार रुपए ऑनलाइन अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। पैसे लूटने के बाद भी आरोपियों का मन नहीं भरा। उन्होंने लड़की को एक कमरे में बंधक बना लिया और दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ गलत काम किया। जब पीड़ित लड़की ने खुद को बचाने की कोशिश की और विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट भी की। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी वहां से भाग निकले। शाम को जब परिवार के लोग घर लौटे, तो रोती हुई पीड़ित लड़की ने उन्हें पूरी आपबीती सुनाई। परिवार तुरंत थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रात करीब 8 बजे केस दर्ज किया।

### इनका कहना है

घटना की खबर मिलते ही पुलिस टीम तुरंत एक्शन में आई। देर रात ही आरोपियों के छिपने के ठिकानों पर छापेमारी की गई और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।शुक्रवार सुबह दोनों आरोपियों का जिला अस्पताल में मेडिकल टेस्ट कराया गया और शाम 5 बजे उन्हें कोर्ट में पेश कर दिया गया है। दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी।

**संतोष कोरी**, एसपी सीधी

# रिलेशनशिप मैनेजमेंट और इमोशनल वेल-बीइंग पर कार्यशाला आयोजित

## आध्यात्मिक प्रशिक्षक देवामीरा दास ने बताए गुर



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 12 जून। स्थानीय स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एनसीएल ने फाइट क्लीन: स्ट्रेंथनिंग द बॉन्ड्स दैट फ्री अस विषय पर सीईटीआई परिसर सिंगरौली में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।**

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आध्यात्मिक प्रशिक्षक देवामीरा दास उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यस्थल और निजी जीवन में संतुलन बनाने के लिए पारस्परिक संबंधों की चुनौतियों और मानव मन पर उनके पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने घर और कार्यस्थल पर आने वाली विभिन्न चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक व्यावहारिक उपकरणों और जीवन-कौशलों के बारे में भी बताया। अंत में देवामीरा दास ने इस बात पर विशेष बल दिया कि आंतरिक जागरूकता, सीखने की ललक और सही आत्मिक सहयोग के माध्यम से ही आपसी संबंधों की जटिलताओं को गहराई से समझा जा सकता है। इस दौरान कार्यक्रम में एनसीएल की सभी परियोजना और इकाइयों से लगभग 73 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिक्रियात्मक आदतों, आत्म-नियमन सेल्फ रेगुलेशन और सचेत होकर विवेक पूर्ण निर्णय लेने कॉन्शियस रिस्पॉन्डिंग के गुर सीखे। एनसीएल द्वारा कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन के लिए ऐसी अनेक कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा है।

# सड़कों पर उतरे अधिकारी, अतिक्रमणकारियों को अंतिम चेतावनी

**नवभारत न्यूज**

**सरई 12 जून। नगर को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सुगम यातायात योग्य बनाने की दिशा में आज शुक्रवार को प्रशासनिक अमला पूरी सक्रियता के साथ सरई बाजार की सड़कों पर उतरा।**

वर्षों से बाजार क्षेत्र में पनप रही अव्यवस्था और बढ़ते अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अधिकारियों ने व्यापारियों, ऑटो चालकों एवं बस संचालकों को अंतिम चेतावनी देते हुए नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। देवसर एसडीएम गौरव मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर धर्म प्रकाश मिश्रा, तहसीलदार सुरेंद्र सिंह उईके तथा नगर परिषद सरई के सीएमओ के नेतृत्व में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण की नाप-जोख कर दुकानदारों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि वे नगर परिषद द्वारा निर्धारित एवं चिन्हित सीमा के भीतर ही अपनी दुकानें संचालित करें। निर्धारित सीमा से बाहर अतिक्रमण पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। निरीक्षण के दौरान ऑटो चालकों को बाजार क्षेत्र में वाहन खड़ा न करने तथा निर्धारित स्थानों पर ही पार्किंग करने के निर्देश दिए गए। वहीं बस संचालकों को बस स्टैंड परिसर में ही बसे खड़ी करने की सख्त हिदायत दी गई। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि नगरहित और आमजन की सुविधा के लिए चलाया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापारियों से संवाद स्थापित करते हुए सहयोग की अपील की और कहा कि अनुशासन एवं सहभागिता से ही बाजार की गरिमा और व्यवस्था बनी रह सकती है। प्रशासन की इस पहल से सरई बाजार में सुचारु यातायात एवं बेहतर व्यवस्था की उम्मीद जगी है। इस दौरान पटवारी दिनेश गुप्ता, आकाश द्विवेदी, सौरभ तिवारी, नगर परिषद के संजय साकेत, विजय जायसवाल, भगोले साकेत सहायक उपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह, प्रकाश नारायण, संतोषी सिंह, कमलेश प्रजापति, आर शिवम पाटकार एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### युवा संगम रोजगार मेला 18 को शासकीय आईटीआई मैहर में

**मैहर 12 जून.** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई के सहयोग से 18 जून 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कब्लेज मैहर में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी सतना/मैहर ने बताया कि रोजगार मेले में षैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### मैहर में जनकल्याण शिविर का आयोजन 18 तक

**मैहर 12 जून.** कलेक्टर मैहर बिदिशा मुखर्जी के निर्देशन में नगर पालिका मैहर अंतर्गत 12 से 14 जून तक तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मैहर नगर पालिका के वार्ड 1 से 24 तक के लिए लगने वाले जनकल्याण शिविर में 13 जून मंगल भवन मैहर और 14 जून को रैन बसेरा स्टेशन रोड मैहर में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 16 से 18 जून तक तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन नगर परिषद अमरपाटन के कार्यलय नगर परिषद अमरपाटन में आयोजित किया जायेगा।

# टीएचडीसी कंपनी के रेलवे साइडिंग के लिए खोदी जा रही थी मिट्टी

## पचौर गांव का मामला, तहसीलदार ने हाइवा एवं पीसी मशीन को किया जब्त

**नवभारत न्यूज**

**बरगवां 12 जून। बरगवां तहसील क्षेत्र के ग्राम पचौर में शासकीय तालाब से हो रहे अवैध मिट्टी खनन के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की है।**

बरगवां तहसीलदार ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छापामार कार्यवाही करते हुए खनन कार्य में लगी हाईवा गाड़ियों और पीसी मशीन को जप्त कर लिया। पचौर स्थित शासकीय तालाब से पीसी मशीन के माध्यम से बड़े पैमाने पर मिट्टी निकाली जा रही थी। निकाली गई मिट्टी को



टीएचडीसी परियोजना से जुड़ी सिमकोन कंपनी द्वारा देवरा स्थित निजी रेलवे साइडिंग में डंप कराया जा रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद प्रशासन हरकत में आया और मौके पर दबिश देकर कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान अधिकारियों ने पाया कि तालाब की खुदाई कर मिट्टी का परिवहन किया जा रहा था, जिससे शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ तालाब की जल संग्रहण क्षमता भी प्रभावित हो रही थी। प्रशासन ने मौके पर मौजूद मशीन और वाहनों को जप्त की है। बरगवां तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि शासकीय भूमि, तालाब और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही जारी रहेगी। प्रशासन की इस कार्यवाही से अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति है। वहीं ग्रामीणों ने कार्यवाही का स्वागत करते हुए कहा कि तालाबों और शासकीय भूमि को बचाने के लिए ऐसे कदम बेहद जरूरी हैं। ग्रामीणों का मानना है कि यदि समय रहते कार्यवाही नहीं होती तो तालाब को भारी क्षति पहुंच सकती थी। फिलहाल राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरुद्ध खनिज अधिनियम और अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत आगे की कार्यवाही की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99